सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर–272202 उ0प्र0 (भारत)
Email Id: registrar@suksn.edu.in, Website : www.suksn.edu.in

पत्रांक–1120 / कु0स0का0 / सि0वि0वि0 / 2026,

दिनांक– 16–11–2026

सेवा में,

1. **अधिष्ठाता, छात्र कल्याण,**
   सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. **प्रचार्य / प्राचार्या,**
   समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
   सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।

विषय– दिनांक 12 जनवरी, 2027 को स्वामी विवेकानन्द जी की 164वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करने एवं संकलित बुकलेट उपलब्ध कराएं जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या–ई–7694 / 32–जी.एस. / 2026 दिनांक 14 नवम्बर, 2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, (पत्र संलग्न) जो मा0 कुलपति जी को सम्बोधित है, जिसके द्वारा **दिनांक 12–01–2027 (मंगलवार) को स्वामी विवेकानन्द जी की 164वीं जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस)** के अवसर पर युवाओं में राष्ट्रनिर्माण, चरित्र विकास एवं स्वामी जी के आदर्शो के प्रसार हेतु आपके विश्वविद्यालयों / संस्थानों द्वारा विविध शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है।

अतः उपरोक्त के संदर्भ में अवगत कराना है कि संलग्न पत्र के अनुसार स्वामी विवेकानन्द जी की 164वीं जयंती के अवसर पर भव्य एवं सार्थक कार्यक्रमों का आयोजन करना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात दिनांक 12–01–2027 को ही कार्यक्रम के समापन के उपरान्त आयोजित गतिविधियों, संक्षिप्त विवरण एवं चयनित छायाचित्रों (फाटोग्राफ्स) को समाहित करते हुए एक आकर्षक एवं सुव्यवस्थित बुकलेट तैयार कर अधोहस्ताक्षरी के Email ID – registrar@suksn.edu.in पर उपलब्ध कराये जिससे ससमय सुव्यवस्थित बुकलेट तैयार कर माननीय कुलाधिपति महोदया के अवलोकनार्थ हेतु सचिवालय को प्रेषित किया जा सकें।

संलग्नक– यथोपरि।

16/11/26

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक– /तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिष्ठाता, समस्त संकाय, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. परीक्षा नियंत्रक, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी को अवलोकनार्थ प्रेषित।
4. सम्बन्धित पत्रावली हेतु।

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

ई–मेल द्वारा

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
लखनऊ–226027

संख्याःई– 7694 / 32–जी.एस. / 2026
दिनांकः 4 नवम्बर, 2026

प्रेषकः

विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल
(अपर मुख्य सचिव स्तर),
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषयः दिनांक 12 जनवरी, 2027 को स्वामी विवेकानन्द जी की 164वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करने एवं संकलित बुकलेट उपलब्ध कराए जाने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि दिनांक 12.01.2027 (मंगलवार) को स्वामी विवेकानन्द जी की 164वीं जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के अवसर पर युवाओं में राष्ट्रनिर्माण, चरित्र विकास एवं स्वामी जी के आदर्शों के प्रसार हेतु आपके विश्वविद्यालयों / संस्थानों द्वारा विविध शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है।

2. इस संबंध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि अपने विश्वविद्यालय / संस्थान में स्वामी विवेकानन्द जी की 164वीं जयंती के अवसर पर भव्य एवं सार्थक कार्यक्रमों का आयोजन करना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के समापन के उपरान्त आयोजित गतिविधियों, संक्षिप्त विवरण एवं चयनित छायाचित्रों (फोटोग्राफ्स) को समाहित करते हुए एक आकर्षक एवं सुव्यवस्थित बुकलेट तैयार कर माननीय कुलाधिपति महोदया के अवलोकनार्थ इस सचिवालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

2.11.26

(डॉ. सुधीर एम. बोबडे)
भा.प्र.से.(से.नि.)
विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल
(अपर मुख्य सचिव स्तर)
उत्तर प्रदेश।